OFFICE OF THE COMPLIANCE ADVISOR/OMBUDSMAN
2121 PENNSYLVANIA AVENUE, NW • WASHINGTON, DC 20433, USA
TELEPHONE +1 202-458-1973 • FACSIMILE +1 202-522-7400
CAO@worldbankgroup.org

COMMUNIQUÉ

CAO ने अमलगमेटेड प्लांटेशन प्राइवेट लिमिटेड, भारत में IFC के निवेशों की निगरानी रिपोर्ट जारी की

28 जनवरी, 2019 - विश्व बैंक समूह का कंप्लायंस एड्वाइज़र ओम्बड्समैन (CAO), इंटरनेशनल फाइनांस कार्पोरेशन (IFC) के लिए स्वतंत्र जवाबदेही तंत्र है। इसने IFC द्वारा पूर्वोत्तर भारत में अमलगमेटेड प्लांटेशन प्राइवेट लिमिटेड (APPL, क्लाइंट) में किए गए निवेशों से संबंधित एक अनुपालन निगरानी रिपोर्ट जारी की है।

APPL भारत में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और सप्लायर है और असम तथा पश्चिम बंगाल में इसकी 25 चाय एस्टेटों में 30,000 से अधिक व्यक्ति काम करते हैं। IFC का 2009 इक्विटी निवेश एक टिकाऊ कर्मचारी-स्वामित्व वाला बागान मॉडल लागू करने में सहायता करने के लिए तैयार किया गया था। कर्मचारियों को APPL में शेयर खरीदने का अवसर दिया गया था। निवेश के हिस्से के रूप में, IFC को खुद इस बारे में आश्वस्त होने की आवश्यकता थी कि APPL को IFC के प्रदर्शन मानकों के अनुसार चलाया जाता है।

यह निगरानी रिपोर्ट 2016 में जारी किए गए APPL में IFC के निवेश की CAO द्वारा अनुपालन जांच का अनुसरण करती है। CAO की जांच में IFC के आकलन और APPL में निवेश से जुड़े पर्यावरण और सामाजिक जोखिमों के प्रबंधन से संबंधित गैर-अनुपालनों का पता चला। विशेष रूप से, CAO ने पाया कि IFC ने कामगारों के रहने की परिस्थितियों से संबंधित प्रदर्शन मानकों, मुआवजे, संघ बनाने की स्वतंत्रता और शिकायत से निपटने, बाल मज़दूरी, कीटनाशकों के उपयोग, सुरक्षा, आर्थिक विस्थापन, स्वदेशी लोगों पर प्रोजेक्ट के प्रभावों, और कर्मचारी शेयर खरीद कार्यक्रम के बारे में विचार-विमर्श के लिए क्लाइंट अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया।

CAO की जांच पर प्रतिक्रिया में, IFC ने पाया कि APPL मानव स्वास्थ्य, कामगारों के स्वास्थ्य और सुरक्षा, आवास, और स्वच्छता के बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में कमियों और विरासती मुद्दों पर ध्यान देने के लिए एक कार्य योजना को लागू कर रहा था। इसके अलावा, IFC ने APPL की 25 एस्टेटों में वार्षिक ऑडिट और कामगार धारणा सर्वेक्षण करने के लिए एक तीसरे पक्ष को नियुक्त करने की प्रतिबद्धता की। IFC अपने क्लाइंट के द्वारा राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन आवश्यकताओं के अनुपालन पर अपनी कानूनी राय को ताज़ा करने, और यह सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है कि क्लाइंट की कार्य योजना का कामगारों को खुलासा किया जाए और उनके साथ इस पर परामर्श किया जाए।

CAO की जांच रिपोर्ट जारी होने के बाद से, APPL ने कार्य योजना की कुछ प्रतिबद्धताओं को लागू करने में प्रगति करने की सूचना दी है। शिकायतकर्ता दावा करते हैं कि कार्य योजना पर कामगारों से परामर्श नहीं किया गया था और वे इसके लागूकरण की प्रगति और गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हैं।

निगरानी प्रक्रिया के भाग के रूप में, CAO ने प्रोजेक्ट दस्तावेज़ों की समीक्षा की और प्रोजेक्ट की देखरेख के लिए जिम्मेदार IFC स्टाफ के साथ बात की। CAO ने शिकायतकर्ताओं के प्रतिनिधियों और IFC के क्लाइंट के साथ भी बात की। CAO की निगरानी रिपोर्ट का निष्कर्ष निकलता है कि IFC ने प्रोजेक्ट की सीमित निगरानी पूरी की है और CAO के गैर-अनुपालन निष्कर्षों पर संतोषजनक ढंग से ध्यान नहीं दिया है। जैसा कि मूल जांच में प्रस्तुत किया गया है, CAO की इस बात पर चिंता बनी हुई है कि IFC के द्वारा प्रोजेक्ट का पर्यवेक्षण, क्लाइंट के द्वारा IFC के प्रदर्शन मानकों के अनुपालन का आकलन करने के लिए ज़रूरी जानकारी को तैयार करने और बनाए रखने में पीछे रह गया है। परिणाम-स्वरूप, CAO का यह निष्कर्ष है कि IFC इस बारे में आश्वस्त नहीं है कि उनका क्लाइंट प्रदर्शन मानकों का अनुपालन प्राप्त करने के लिए सही रास्ते पर है।

इस मामले के बारे में अधिक जानकारी CAO की वेबसाइट www.cao-ombudsman.org पर उपलब्ध है।

वाशिंगटन, डीसी में संपर्क:
एमिली होर्गन
ईमेल: ehorgan@worldbankgroup.org;; टेलि: +1 202-473-8353

CAO के बारे में:

CAO, विश्व बैंक समूह के सदस्यों, इंटरनेशनल फाइनांस कार्पोरेशन (IFC) और मल्टीलेटरल इनवेस्टमेंट गारंटी एजेंसी (MIGA) के लिए स्वतंत्र जवाबदेही तंत्र है। CAO के लिए आदेश IFC और MIGA प्रोजेक्टों से प्रभावित लोगों की शिकायतों पर इस तरह से ध्यान देना है जो उचित, उद्देश्यपूर्ण और रचनात्मक हो और जिसका लक्ष्य ज़मीन पर पर्यावरण और सामाजिक परिणामों को बढ़ाना हो। CAO विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष को रिपोर्ट करता है। CAO के अनुपालन मामले IFC/MIGA के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हैं और IFC/MIGA के क्लाइंटों या उनकी व्यावसायिक गतिविधियों के संबंध में अनुपालन निष्कर्ष नहीं निकालते हैं।